## सार-समाचार

### भामाशाहों व लाभार्थियों का सम्मान

**जालोर**, (कासं)। माली समाज सोलंकी लायसा परिवार सेवा संस्थान, जालोर के तत्वावधान में नवरात्रि महोत्सव का नवम दिवस बडे हर्षोल्लास और धार्मिक उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर माताओं-बहनों ने पारंपरिक वेशभूषा में गरबा नृत्य की शानदार प्रस्तुति दी, जिससे पूरा मंदिर प्रांगण भक्ति और उमंग से सराबोर हो उठा। संस्था मंत्री सुरेश सोलंकी ने बताया कि नवमी के पावन अवसर पर गरबा नृत्य के दौरान पंडाल में भामाशाहों एवं लाभार्थी परिवारों का संस्था द्वारा साफा, माला और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया। इसी प्रकार लाभार्थी परिवारों ने भी संस्था पदाधिकारियों एवं युवा कार्यकर्ताओं का अभिनंदन कर उनका उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम के दौरान जालोर पुलिस कोतवाली थानाधिकारी अरविंद सिंह राजपुरोहित का भी माला व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया। साथ ही उपस्थित पत्रकार बंधुओं का भी संस्था द्वारा स्वागत व अभिनंदन किया गया। गरबा नृत्य में भाग लेने वाली माताओं-बहनों को संस्था की ओर से पुरस्कार प्रदान किए गए, जिससे कार्यक्रम में उत्साह और उमंग और अधिक बढ़ गई। इस अवसर पर संस्था अध्यक्ष जुठाराम सोलंकी, उपाध्यक्ष मोहनलाल, दिलीप सोलंकी, मंत्री सुरेश सोलंकी, कोषाध्यक्ष कमलेश सोलंकी, छोगालाल माली,कालूराम, पुराराम सोलंकी, पन्नालाल सोलंकी, प्रसार मंत्री हुकमीचंद सोलंकी, हरिराम माली, लादुराम माली, महेंद्र सोलंकी, चुनीलाल, समरथाराम, बसंत, नरेंद्र, सौरभ,ओम प्रकाश, दिनेश सहित बडी संख्या में समाजबंधु उपस्थित रहे।

### चौरड़िया भवन में प्रवचन

**जोधपुर**, (कासं)। श्रीमद् उत्तराध्ययन आगम के तेरहेवें अध्ययन चित्त संभूति की विवेचना करते हुए चौरड़िया भवन में विराजित सुमति मुनि ने आज कहा कि भोग सामग्री मिलना कोई बड़ी बात नहीं है, लेकिन मिली हुई सामग्री का आप क्या कर रहे हैं, यह बड़ी बात है। किसी वस्तु का सदुपयोग करना एवं छोडना महत्वपूर्ण है।भोगने वाला भोगी एवं छोड़ने पर योगी कहलाता है। कभी भी कर्मो पर दोष नहीं देना चाहिए। पूरूषार्थ से भोगो का त्यागना पड़ता है । एक बार समभाव से दु:ख, विपतियों, कांटो को सहन कर लिया तो हमारा पतन नहीं होगा। जीव प्रतिक्रमण एवं प्रायचित करने से दलदल में से निकल सकता हैं। इससे पूर्व साध्वी श्री ने कहा एक आत्मा पर विजय प्राप्त करने से पाँचो इन्द्रयों एवं चार कषायो पर विजय प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने कहा कि विजयादशमी का जिन शासन में बहुत महत्व है। आज ही के दिन भरत चक्रवर्तीने छः खण्ड जीता था, आज के दिन आरिसा भवन में भरत को अपने गहने उतारने उतारते भेदविज्ञान होने पर केवल्य ज्ञान हुआ था। आज के दिन भरत-बाहुबली के मध्य द्वंद युद्ध चला एवं जब बाहुबली ने अपना हाथ ऊपर उठाया तो बहिनों के प्रतिबोध से पंच मुट्टी त्कर संयम ग्रहण किया। आज के दिन पूज्य.जयमल म सा ने 16वर्ष एकांतर तप किया फिर बेले-बेले तपस्या एवं आज के दिन ही आड़ा आसन त्याग की भीष्म प्रतिज्ञा धारण की। आज के दिन पूज्य आचार्य भूधरजी म.सा का जन्म एवं देवलोक दिवस है। संघ अध्यक्ष देवराज बोहरा, मंत्री माणक ललवानी तथा अशोक बोहरा ने बताया कि आज नवपद ओली तप आराधना में उपाध्याय पद की आराधना की गई।

### कुड़ी भगतासनी में प्रतिमा विसर्जन आज

**जोधपुर**, (कासं)। कुड़ी भगतासनी हाउसिंग बोर्ड सेक्टर 9 स्थित सिद्धेश्वर महादेव मंदिर परिसर में पांच दिवसीय दुर्गा पूजा अनुष्ठान के तहत कोलकाता से आए पंडित के सान्निध्य में विधिवत मंत्रोच्चार के साथ पूजा-अर्चना की गई। समाज प्रवक्ता सुमन विश्वास ने बताया कि अनुष्ठान के अंतर्गत दशमी कृतृ पूजा, पुष्पांजलि और शाम की आरती सम्पन्न हुई। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। मां दुर्गा की प्रतिमा के साथ गणेश, लक्ष्मी, कार्तिकेय और सरस्वती की प्रतिमाओं की भी विधिवत पूजा की गई। शुक्रवार को दर्पण विसर्जन, विजय सम्मेलन और प्रतिमा विसर्जन कार्यक्रम आयोजित होंगे। समापन अवसर पर महिलाएं पारंपरिक सिंदूर खेला करेंगी, जिसके बाद शोभायात्रा के रूप में प्रतिमाओं का जलाशय में विसर्जन किया जाएगा। बंगाली समाज के सदस्य एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर और शांति जल ठाहण कर महोत्सव का समापन करेंगे। कुड़ी दुर्गा पूजा अध्यक्ष संदीप दत्ता ने बताया कि परंपरानुसार बेटी को विदा करते समय शनिवार, मंगलवार या गुरुवार पर ससुराल नहीं भेजा जाता, इसी मान्यता को निभाते हुए इस वर्ष गुरुवार को मां दुर्गा एवं परिवार को विदा नहीं किया गया। शुक्रवार को समाज बंधु एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर और पंडित द्वारा शांति जल लेकर कार्यक्रम का समापन करेंगे।

### स्वदेशी के लिए हस्ताक्षर अभियान

**पोकरण**, (निसं)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत के स्वप्न को साकार करने और स्वदेशी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से भारतीय जनता पार्टी शहर मण्डल पोकरण द्वारा आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान स्वदेशी अपनाएँ, भारत को आत्मनिर्भर बनाएँ का शुभारंभ किया। अभियान की शुरुआत 2 अक्टूबर, गांधी जयंती के अवसर पर विशेष हस्ताक्षर अभियान से होगी। कार्यक्रम का आयोजन गुरुवार सांय 5 बजे स्थानीय हायर सैकेंडरी स्कूल मैदान में किया । अभियान का शुभारंभ नगरपालिका पोकरण अध्यक्ष मनीष पुरोहित, भाजपा जिलाध्यक्ष दलपत हिंगडा, कार्यक्रम जिला संयोजक एवं भाजपा जिला उपाध्यक्ष नारायण सिंह तंवर, तथा जिला सह-संयोजक सुरेन्द्र सिंह राठौड की गरिमामयी उपस्थिति में बैनर पर हस्ताक्षर कर किया। भारतीय जनता पार्टी नगर मण्डल अध्यक्ष जीतेन्द्र माली ने कहा कि यह अभियान प्रधानमंत्री मोदी के आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को जन-जन तक पहुँचाने का प्रयास है। देशवासियों को स्वदेशी उत्पाद अपनाने और स्थानीय स्तर पर आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने आम नागरिकों से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम स्थल पर पहुँचकर हस्ताक्षर अभियान में भाग लेने और आत्मनिर्भर भारत के इस संकल्प को सफल बनावे का आव्हान किया।

### गांधीजी व शास्त्रीजी को याद किया

**पाली**, (नि.सं.)। महात्मा गांधा व देश के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर आज गुरूवार को जिला कलैक्टर कार्यालय महात्मा गांधी की मूर्ति पर जिला कलक्टर एलएन मंत्री व अन्य अधिकारियों ने माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित कर देश के लिये उनके योगदान को याद किया और उनके बताये मार्ग पर चलने का आह्वान किया। जिला कलक्टर कार्यालय में महात्मा गांधी को गांधी मूर्ति सर्किल पर भी जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों ने माल्यार्पण कर याद किया। यहां पर महात्मा गांधी की राम धुन बजाई गई और महात्मा गांधी के जीवन पर प्रकाश डाला। साथ ही पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की मूर्ति पर भी माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। जिला कलैक्टर एलएन मंत्री व जिला पुलिस अधिक्षक आदर्श सिद्धू , अतिरिक्त जिला कलैक्टर डॉ बजरंग सिंह, अतिरिक्त जिला पुलिस अधीक्षक विपिन चन्द्र , यूआईटी सचिव डॉ पूजा सक्सेना , नगर निगम आयुक्त नवीन भारद्वाज , भाजपा जिला अध्यक्ष सुनील भंडारी सहित अन्य अधिकारी व गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### धर्म एवं राष्ट्र की रक्षा का लिया संकल्प

**जोधपुर**, (का.सं.)। मण्डोर स्थित करीब दो हजार वर्ष प्राचीन चामुण्डा माता मन्दिर में चामुण्डा माता विकास संस्थान मण्डोर की ओर से विजयदशमी महापर्व के उपलक्ष्य में परम्परागत शस्त्र पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार पूजन में शामिल समस्त श्रद्धालुओं को मन्दिर पुजारी अरविन्द मिश्रा ने विधि-विधान से शस्त्र पूजन करवाया। मन्दिर समिति के अध्यक्ष परविन्द्र सिंह चौहान ने बताया कि अनादिकाल से विजयदशमी के पर्व पर वैदिक सनातन हिन्दू धर्म की परम्परानुसार शस्त्र पूजन किया जाता है। इसी परम्परा को मनाते हुए इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें क्षित्रय समाज सहित सर्व हिन्दू समाज के लोगों ने पूजन किया। शस्त्र पूजन कर सभी श्रद्धालुओं ने धर्म एवं राष्ट्र की रक्षा का संकल्प लिया और मां चामुण्डा देवी से प्रार्थना की कि वे हमें राष्ट्र और धर्म की रक्षा करने की शक्ति प्रदान करे। कार्यक्रम में परविन्द्र सिंह और राजवीर सिंह ने अपने रक्त से शस्त्र पूजन किया। इस दौरान विक्रम सिंह चौहान, विशाल सिंह चम्पावत, राजवीर सिंह बेरु, शैतान सिंह चम्पावत, वीरेंद्र सिंह तंवर, सूर्यवीर सिंह रूदिया, शक्ति सिंह ओस्तरा, तेजेन्द्र सिंह आदि भक्त उपस्थित रहे।

### जैसलमेर नगर परिषद् को सम्मान मिला

**जैसलमेर**, (नि.सं.)। स्वच्छ भारत दिवस पर राज्य स्तरीय सम्मान समारोह में जैसलमेर नगरपरिषद के स्वच्छता रैंकिंग में दूसरा स्थान हासिल करने पर गुरुवार को जयपुर में आयोजित हुए एक समारोह में राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े और मंत्री झब्बरसिंह खर्रा ने सम्मानित किया। स्वच्छता रैंकिंग में सीकर पहले और जैसलमेर नगरपरिषद दूसरे स्थान पर रही है। जयपुर में राजस्व अधिकारी पवनकुमार और सफाई अधिकारी चूनाराम ने राज्यपाल के हाथों सम्मान ग्रहण किया।

# स्वच्छता की आदत दैनिक जीवन में अपनाएं : जोगेश्वर गर्ग

**जालोर**, (कासं)। महात्मा गांधी की जयन्ती के अवसर पर 2 अक्टूबर को गांधी चौक व कलेक्ट्रेट परिसर स्थित महात्मा गांधी स्मारक पर कार्यक्रम का आयोजन कर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को याद किया गया।

कलेक्ट्रेट परिसर में स्थित महात्मा गांधी की मूर्ति पर राजस्थान विधानसभा के मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग, जिला कलैक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे, जिला पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र सिंह इंदोलिया, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मोटाराम गोदारा एवं अन्य अतिथियों द्वारा माल्यार्पण किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राजस्थान विधानसभा के मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने कहा कि अहिंसा, स्वदेशी व स्वच्छता के क्षेत्र में महात्मा गांधी का योगदान अतुलनीय है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में गत 11 वर्षों से स्वच्छ भारत अभियान के माध्यम से सम्पूर्ण राष्ट्र में स्वच्छता के प्रति आमजन में अलख जगी है। उन्होंने कहा कि हमारा कर्तव्य बनता है कि हम स्वच्छ भारत अभियान में महत्वपूर्ण सहभागिता निभाएं तथा अपने आस-पास के वातावरण को भी स्वच्छ बनाएं रखे। उन्होंने कहा कि प्रशासन से जुडे अधिकारी-कार्मिक शांत, चित्त, धैर्य व संवेदनशीलता के साथ आमजन की समस्याओं को सुने तथा इन समस्याओं का उचित प्रभाव से निस्तारण करें।

कार्यक्रम में विवेकानंद आदर्श राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय वालेरा की छात्राओं ने गाँधीजी के प्रिय भजन "वैष्णव जन तो तेने कहिये...." भजन की प्रस्तुति दी वही महात्मा गांधी अंग्रजी माध्यमिक विद्यालय शिवाजी नगर जालोर की छात्राओं ने "रघुपति राघव राजा राम..." की प्रस्तुति के साथ ही "गांधी की बातें" नृत्य नाटिका के माध्यम से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व को दर्शाया।

अध्यापक विक्रम पुरी गोस्वामी ने "रघुपति राघव राजा राम..." भजन की प्रस्तुति देकर श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया। कार्यक्रम का संचालन नरपत आर्य ने किया।

मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि कलेक्ट्रेट में महात्मा गांधी की प्रतिमा के समीप ही पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमा स्थापित की जायेगी।

जालोर तहसीलदार संजय बोहरा, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उप निदेशक भगवानाराम चौधरी, नगर परिषद के आयुक्त दिलीप माथुर, अतिरिक्त जिला शिक्षाधिकारी नरेन्द्र परिहार, प्रेमाराम देवासी, सुरेश सुन्देशा, दिनेश बारोट, मिश्रीमल गहलोत, अध्यापिका शैलजा माथुर सहित कई जने उपस्थित रहे।

वहीं जिला कांग्रेस कमेटी जालोर की ओर से आज प्रात 11 बजे कार्यक्रम का आयोजन राजीव गांधी भवन में रखा गया। जिला प्रवक्ता योगेंद्र सिंह कुम्पावत ने बताया कि इस अवसर जिलाध्यक्ष भंवरलाल मेघवाल,नैन सिंह राजपुरोहित, शहजाद अली, जिला प्रवक्ता योगेन्द्र सिंह कुम्पावत,जिला उपाध्यक्ष ईशराराम विश्नोई,जुल्फिकार अली, मांगीलाल भील,मदनलाल दहिया, ब्लॉक अध्यक्ष भोमाराम मेघवाल, बसंत सुथार, जवानाराम परिहार, कैलाश शर्मा, देवाराम सांखला, रमेश सोलंकी,पदमाराम सरगरा, लाल सिंह राजपुरोहित, सुष्मिता गर्ग, कामिनी शर्मा, गीता श्री, मिश्रीमल गहलोत, पारस परिहार, अनिल पंडत, कृष्ण कुमार वनिका,जोगाराम सरगरा, कालूराम मेघवाल, कपूराराम परिहार, छगन आर्य,अमीन मोयला, पुखराज माली, ईश्वर सिंह वासन, फकरुद्दीन मेहर, कुणाल राव, इरफान खान सहित तमाम कांग्रेसजन उपस्थित थे।

**रेवदर संवाददाता के अनुसार** : नगर पालिका मंडार के कांग्रेस कार्यालय पर महात्मा गांधी व भारत के दूसरे प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जन्म जयंती मंडल अध्यक्ष मफत लाल बुनकर की अध्यक्षता में महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री जी की तस्वीर पर पुष्पांजलि और दीपक प्रज्वलित कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

कांग्रेस के मंडल अध्यक्ष मफत लाल बुनकर सहित कार्यकर्ता व पदाधिकारी व ग्रामीणों ने गांधी जी का प्यारा भजन रघुपति राघव राजा राम गाकर श्रद्धांजलि दीं इस अवसर पर ब्लॉक उपाध्यक्ष सकुर खान भाटी करसन भाई पंचाल जीतू सिंह ठाकोर लेहरा राम भाट जयंति लाल भाट मफाराम भील हमीरा राम भील अनीता दरबार बलवंत कुमार बुनकर परेश पचाल समेत दर्जनों कांग्रेस कार्यकर्ता व ग्रामीण उपस्थित थे।

वहीं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी रेवदर द्वारा स्थानीय डाक बंगला में सभा आयोजित कर पुष्पांजलि अर्पित की।

ब्लॉक अध्यक्ष कृष्णवीर सिंह रोहुआ ने महात्मा गांधी के जीवन के सिद्धांतों को अपने जीवन में उतारने की अपील करते हुए सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलने का आव्हान किया।

जिला कांग्रेस प्रवक्ता हर्षुल अग्रवाल, ब्लॉक महासचिव डूंगरसिंह देवडा, मंडल अध्यक्ष देवीदान चारण, मुकेश जोशी, ब्लॉक प्रवक्ता हितेश जोशी ,विनोद सिंह सोलंकी, अजीत चौधरी, मजहर हुसैन, अशरफ जेदी, राजाराम रबारी, अनिल भाटी, गंगाराम कोली समेत कांग्रेसजन उपस्थित थे।

# मां आशापुरा माता के दरबार में तीन दिवसीय मेला

**पोकरण**, (निसं)। शक्ति और भक्ति का संगम माने जाने वाले मां आशापुरा माताजी के मंदिर प्रांगण में तीन दिवसीय धार्मिक मेले का आयोजन धूमधाम से किया गया। देशभर से श्रद्धालु माता के दरबार में पहुंचकर आशीर्वाद ले रहे हैं। मां आशापुरा नीज मंदिर ट्रस्ट पोकरण द्वारा पानी, बिजली, छाया,व मां के भक्तों के ठहरने कीउचित व्यवस्था हर वर्ष की भांति की गई है,

इस धार्मिक मेले में बीकानेर, जोधपुर, फालोदी, पोकरण, रामदेवरा सहित मुंबई और कोलकाता जैसे दूरस्थ स्थानों से भी भक्त बडी संख्या में पहुंचे। मंदिर प्रांगण और आसपास का इलाका श्रद्धालुओं की भीड से गुलजार हो गया। मेले में जगह-जगह दुकानों की कतारें सजी हुई हैं, जिनमें स्थानीय कुम्हारों द्वारा बनाए गए मिट्टी के बर्तन, खिलौने, सजावटी सामान और धार्मिक वस्तुएं विशेष आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं। ग्रामीण अंचल की हस्तकला और पारंपरिक सामान ने भी श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। भक्तों के लिए मंदिर प्रांगण और आसपास भंडारे का आयोजन किया गया, जहां श्रद्धालु प्रसादी ग्रहण कर रहे हैं।

कड़ाही प्रसाद का स्वाद लेने के लिए भक्तों की लंबी कतारें लगी रहीं। रात्रिकालीन कार्यक्रमों में मां के दरबार को भव्य रोशनी से सजाया गया। वातावरण भक्ति संगीत से गूंजता रहा। प्रदेशभर से आए भजन मंडलियों ने माता की महिमा का गुणगान करते हुए मधुर भजनों की प्रस्तुतियां दीं। इन भक्ति गीतों की लहरियों पर श्रद्धालु झूमते-नाचते नजर आए।

पूरे तीन दिन तक मंदिर प्रांगण में भक्ति, उल्लास और आस्था का अनोखा संगम देखने को मिला। श्रद्धालु जहां दिनभर मां के दर्शन और प्रसादी का आनंद लेते रहे, वहीं रात को भक्ति संगीत और भजन संध्या ने माहौल को और अधिक दिव्य बना दिया।

# मेहरानगढ़ में दशहरा दरबार सजा, कई जगह रावण के पुतले जलाए

**जोधपुर**, (कासं)। असत्य पर सत्य, पाप पर पुण्य और बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक दशहरा पर्व आज हर्षोल्लास व पारंपरिक तरीके से मनाया गया। शहर के कई इलाकों में आज शाम गोधूलि वेला में भव्य स्तर पर रावण दहन किया गया। इसके लिए सभी स्थानों पर रावण और उसके परिजनों के पुतले खड़े कर किए गए।

नगर निगम उत्तर व दक्षिण की ओर से संयुक्त रूप से रावण का चबूतरा (रामलीला) मैदान पर दशहरा महोत्सव मनाया गया। रावण दहन के बाद आकर्षक आतिशबाजी की गई। रावण दहन के लिए दोपहर में गाजे-बाजे के साथ रामजी की सवारी निकाली गई जो मेहरानगढ़ में पूजा अर्चना के बाद रवाना हुई।

मेहरानगढ़ में मां चामुंडा के दस दिन तक चले आसोजी नवरात्रा के बाद बुराई पर अच्छाई की जीत का पर्व विजयदशमी परम्परानुसार आज मनाया गया। दशहरा पर यहां सुबह से ही विभिन्न कार्यक्रम शुरू हो गए। इसमें मुरली मनोहर मन्दिर में हाथी, अश्व, शस्त्र एवं शमी (खेजड़ी) की विधिवत पूजा पूर्व नरेश गजसिंह ने की। तत्पश्चात मेहरानगढ़ में दशहरा दरबार लगाया गया जिसमें मारवाड़ रियासत के जागीरदार, ठाकुर अपनी पारम्परिक वेशभूषा में पहुंचे। साथ ही प्रशासन की ओर से प्रशासनिक अधिकारी, जनप्रतिनिधि आदि उपस्थित रहे। मुरली मनोहर मन्दिर में भगवान रामचन्द्र की सवारी का पूजन गजसिंह और जनप्रतिनिधियों द्वारा किया गया। तत्पश्चात भगवान राम की तस्वीर को खासे में विराजमान किया गया और लवाजमें के साथ मन्दिर से बाहर प्रशासन की तरफ से पूजन के लिए रखा गया। भगवान की पूजा-अर्चना के बाद सवारी बैंड बाजे, शहनाई, लवाजमे के साथ रवाना हुई। फतेहपोल से बाहर सवारी की अगवानी प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा की गई एवं प्रतिमा को रथ में बैठाया गया। यहां से भगवान रामजी की सवारी विभिन्न मार्गों से होते हुए शाम को रामलीला मैदान पहुंची। यहां गोधूलि वेला में मुख्य अतिथि केंद्रीय संस्कृति व पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत रिमोट से तीर चलाकर रावण दहन किया।

रावण के साथ ही मेघनाद, कुंभकर्ण, शूर्पणखा और ताडका के पुतलों का भी दहन किया गया। इसके बाद भव्य आतिशबाजी हुई। रामलीला मैदान से विजय जुलूस के वापस मेहरानगढ़ दुर्ग पहुंचने पर भगवान श्रीराम का राजतिलक किया गया।

रावण का चबूतरा मैदान के अलावा भी शहर में कई स्थानों पर रावण दहन किया गया। चैनपुरा मगरा पूंजला स्थित रामतलाई की नाडी, पाल रोड व चौपासनी हाउसिंग बोर्ड सेक्टर 16 स्थित दशहरा मैदान में मुख्य आयोजन हुए। इसके अलावा गली-मोहल्ले में लंकाधिपति रावण के पुतले जलाए गए।

**जालोर संवाददाता के अनुसार** : जालोर में गुरुवार को दशहर पर्व को लेकर विजयदशमी पर भक्तो ने भगवान श्रीराम की पूजा अर्चना करने के साथ मंदिरो में अपनी आस्था प्रकट की। जालोर शहर के स्टेडियम प्रांगण में शाम ढलते ही रावण देखने वालो की भीड एकत्रित होने लगी।

चामुंडा माता मंदिर से भगवान श्रीराम की शोभायात्रा रावण दहन के लिए गाजो बाजो के साथ रवाना हुई। शोभायात्रा में बैड बाजो की भक्ति मय स्वर लहरियो के बीच भगवान श्रीराम के जयकारे से फिंजा भी गुंजायमान हो उठी। शोभायात्रा शहर के विभिन्न मार्गो से होती हुई रावण दहन स्थल स्टेडियम प्रांगण पहुंची। वहां पूजा अर्चना के बाद शुभ मुहूर्त में भगवान श्रीराम ने तीर चलाकर रावण का दहन किया। वही इससे पूर्व शेरगरो द्वारा आकर्षक आतिशबाजी कर लोगो को रोमांचित कर दिया। आसमान में रंग बिरंगी आतिशबाजी देखकर लोग दंग रह गये।

# पथ संचलन का स्वागत

**पाली**, (नि.सं.)। राष्ट्रीय सेवक संघ आरएसएस के 100 वर्ष पूर्ण होने पर पूरे देश में आज कई कार्यक्रम हुए। इसी क्रम में लोढा स्कूल में भी संघ की ओर से कार्यक्रम आयोजित हुआ।

पाली शहर में जगह-जगह पथ संचलन का आयोजन हुआ। इसी कड़ी में एक पथ संचलन वीडी नगर होकर सूरजपोल चौराहा पहुंचा। कदम से कद म मिलाते ड्रम घोष की धुन पर स्वयंसेवक चल रहे थे।

जहां जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। इसी क्रम में वीर दुर्गादास नगर में पूर्व विधायक ज्ञानचंद पारख सहित लोगों ने पुष्प वर्षा की। सूरजपाल चौराहे पर भी कई संस्थाओं ने पुष्प बरसाए।

### झलका अनुशासन

**जालोर**, (कासं)। जालोर जिला मुख्यालय पर संघ शताब्दी वर्ष के उपलक्ष में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की ओर से गुरुवार को पथ संचलन का आयोजन किया गया।

जालोर में पथ संचलन का आयोजन तीन अलग अलग जगहो से किया गया। जालोर शहर में गोडीजी, प्रताप चौक व औधोगिक तृतीय चरण से पथ संचलन निकाला गया। पथ संचलन में घोष वादन के साथ कदम से कदम मिलते स्वयं सेवक एक अनुशासित तरीके से नजर आये। पथ संचलन तीनो जगह निर्धारित मार्ग से होते हुए गुजरे।

पथ संचलन का जगह जगह लोगो ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। पथ संचलन देखने के लिए सडको पर लोगो की भीड नजर आई। संघे शक्ति के ध्येय के साथ स्वयं सेवक राष्ट्र निर्माण में मुख्य भूमिका निभाते हुए कार्य कर रहे है। पथ संचलन में घोष वादन के साथ अनुशासन देखकर हर कोई दंग रह गया। पथ संचलन विभिन्न मार्गो से होता निर्धारित समय पर गंतव्य स्थान पर पहुंचकर विसर्जित हुआ।

**रेवदर संवाददाता के अनुसार** : रेवदर कस्बे में रेवदर मंडल के तीन सौ से अधिक स्वयंसेवको ने पूर्ण गणवेश में घोष की ताल पर कदम से कदम मिलाकर संचलन किया।

संचलन का नगर वासियों ने पलक पावड़े बिछाकर पुष्प वर्षा एवम रंगोली बनाकर प्रत्येक मौहल्ले में स्वागत किया।इस संचलन में कई परिवारों की चार पीढ़ियों सहित भाग लिया। ुलिस प्रशासन सक्रिय रहा।

संचलन में स्वयंसेवको को मुख्य वक्ता योगेश कुमार जिला प्रचारक ने संबोधित किया । जिला प्रचारक ने संघ के सौ वर्ष की गौरव गाथा के साथ शताब्दी वर्ष पर संघ द्वारा पंचपरिवर्तन पर बल देने की बात की।

### पुष्प वर्षा कर लोगों ने स्वागत किया

**जोधपुर**, (कासं)। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की ओर से विजयादशमी पर संघ शताब्दी वर्ष कार्यक्रम की शुरुआत की गई। जोधपुर शहर में करीब 34 स्थानों पर पथ संचलन निकाले गए। साथ ही शस्त्र पूजन भी किया गया।

संघ के महानगर कार्यवाह भरत जांगिड़ ने बताया कि कीर्ति नगर के विद्या विष्णु शिक्षक नगर व शिव सागर बस्ती, केशव नगर की प्रतापेश्वर व शिवाजी बस्ती, चौखा के नयापुरा व बड़ली गोलासनी, नंदनवन नगर के बिजलीघर व विवेकानंद, पाश्र्वनाथ नगर के सालावास व पाश्र्वनाथ, पाल बालाजी नगर के गुलाब नगर व शिल्पठाम सहित अन्य बस्तियों में संचलन निकाला गया। पथ संचलन में स्वयंसेवक पूर्ण गणवेश में शामिल हुए। सर पर काली टोपी, सफेद शर्ट, भूरी पेंट, बेल्ट, खाकी मौजे, काले जूतों के साथ हाथ में दण्ड लिए अनुशासन के साथ घोष की ताल पर लयबद्ध होकर निकले। कदम से कदम ताल मिलाते हुए संघ के स्वयंसेवक जब अपने-अपने क्षेत्र से निकले तो लोगों ने पुष्प वर्षा कर उनका अभिनंदन किया। उन्होंने बताया कि 12 अक्टूबर तक 311 संचलन होंगे।

गौरतलब है कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना नागपुर में साल 1925 में विजयदशमी के दिन की गई थी। जोधपुर में इसकी शुरुआत 1941 में की गई।

जालोरी गेट के बाहर बख्तावरमालजी बाग में वर्तमान में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के पिता गोविंद फडणवीस ने यहां पर एक पहली शाखा शुरू की थी। गोविन्द अपने मामा के पास पढ़ाई के लिए जोधपुर आए थे। इस दौर में संघ के दूसरे सरसंचालक माधव सदाशिव राव गोलवलकर गुरुजी ने साल 1946 में जोधपुर का प्रवास किया था और बख्तावरमलजी का बाग स्थित शाखा में उनका कार्यक्रम भी हुआ था।

### स्वच्छता पखवाड़ा के कार्यक्रम हुए

**जोधपुर**, (कासं)। महात्मा गांधी की जयंती पर उत्तर पश्चिम रेलवे, जोधपुर मंडल में स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत जोधपुर रेलवे स्टेशन पर महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पण एवं श्रद्धांजलि से हुई। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों एवं स्वच्छता कर्मियों ने राष्ट्रिपता के स्वच्छता एवं सत्यनिष्ठा के संदेश को याद कर उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

इसके उपरांत जोधपुर रेलवे स्टेशन एवं डीजल शेड, भगत की कोठी में विशेष श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें अधिकारियों, पर्यवेक्षकों, कर्मचारियों एवं स्काउट्स-गाइड्स ने सक्रिय रूप से भाग लिया। स्टेशन परिसर, प्लेटफार्म, प्रतीक्षालय एवं डीजल शेड परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया तथा अनावश्यक कचरे को हटाकर स्वच्छ वातावरण बनाने की दिशा में योगदान दिया गया।

रेल मंत्रालय के निर्देशानुसार 01 अक्टूबर से 15 अक्टूबर तक चलने वाले स्वच्छता पखवाड़े का शुभारंभ जोधपुर, पाली मारवाड़, नागौर तथा भगत की कोठी सहित मंडल के विभिन्न प्रमुख स्टेशनों पर आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर अधिकारियों ने कर्मचारियों को स्वच्छ भारत मिशन के तहत स्वच्छता रखने की शपथ दिलाई।

जोधपुर रेलवे स्टेशन पर स्वच्छता जागरूकता हेतु एक रैली भी निकाली गई जिसमें स्काउट्स एवं गाइड्स, स्वच्छता कर्मचारी, स्टेशन स्टाफ एवं अन्य विभागों के कर्मचारी बड़ी संख्या में शामिल हुए। स्टेशनों पर ा गतिविधियाँ आयोजित होंगी, जिनमें प्लेटफार्म, यात्री सुविधाओं एवं परिसरों की विशेष सफाई, जागरूकता अभियान, पेंटिंग प्रतियोगिताएँ एवं प्लास्टिक-मुक्त अभियान शामिल हैं। इस अवसर पर डीआरएम त्रिपाठी ने कहा स्वच्छता केवल सरकारी प्रयासों से संभव नहीं, बल्कि इसमें यात्रियों और आम जनता की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है।

# डॉ. संदीप टाक विभागाध्यक्ष नियुक्त

**जोधपुर**,(कासं)। डॉ. सम्पूर्णानंद आयुर्विज्ञान महाविद्यालय के मेडीसिन विभाग के वरिष्ठ चिकित्सक डा. संदीप टाक को विभागाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। डॉ. सम्पूर्णानंद आयुर्विज्ञान महाविद्यालय के प्रधानाचार्य एवं नियंत्रक डॉ. बीएस जोधा ने बताया कि डॉ. संदीप टाक वरिष्ठ आचार्य जनरल मेडिसिन को1 अक्टूबर से आगामी दो वर्ष की अवधि तक जनरल मेडिसिन विभाग का विभागाध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

डॉ. संदीप टाक ने आज अपना कार्यभार भी ग्रहण कर लिया। वरिष्ठ आचार्य के शोधपत्र कई राज्य स्तरीय, राष्ट्रीय स्तरीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तरीय सेमीनार में वाचन और जनरल में प्रकाशित हो चुके है।

# रामलीला मैदान में लोगों की भीड़ उमड़ी

**पाली**, (नि.सं.)। विजयदशमी शहर समेत जिले भर में धूमधाम से मनाया गया, पाली नगर निगम की रामलीला मैदान में आयोजित मेले को देखने हजारों लोग उमड, जिसे लेकर मस्तान बावजी का रास्ता डाइवर्ट किया गया, चप्पे चप्पे पर पुलिस मौजूद थी।

रघुनाथजी मंदिर से भगवान राम की शोभायात्रा शाम 5 बजे बैंड बाजा के साथ रवाना हुई, जो विभिन्न मार्ग से होते हुए रामलीला मैदान पहुंची। रामलीला के कलाकार व लोग झंडा लेकर रावण के चारों तरह घूमते रहे। इसके बाद कलाकार राम-रावण युद्ध के ठीक बाद रिमोट से 7 बजे अतिथियों जिला कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक,द्वारा लंका दहन किया गया। हनुमान जी की पूंछ से लंका जलने लगी और उसमें पटाखे फोड़ते रहे। उसके बाद मेघनाथ कुंभकरण का पुतला जलाया गया। अंत मे रिमोट द्वारा रावण का पुतले का दहन हुआ, रावण के मुंह से चिंगारी, सर पर लगी छतरी से चिंगारियां, नाभि में चक्र चला। उसके बाद आतिशबाजी के बीच रावण का दहन किया गया। नगर निगम की ओर से रावण दहन के बाद आधा घंटे तक आसमान में रंग बिरंगी आतिशबाजी होती रही। स्टेज पर नगर निगम की ओर से जिला कलेक्टर एलएन मंत्री, एसपी, आदर्श सिद्धू , एसडीएम एडीएम आयुक्त नवीन भारद्वाज सभी अतिथियों का माल्यार्पण कर साफा पहनाया गया। मेला देखने करीब 10 हजार की भीड मौजूद रही।

**बालोतरा संवाददाता के अनुसार** : विजयादशमी के पावन पर्व पर आज बालोतरा में बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक, रावण दहन का भव्य आयोजन किया गया। लूनी नदी तट पर हजारों की संख्या में लोगों के सामने, मुख्य अतिथि विधायक अरुण चौधरी ने रिमोट से अग्निबाण चलाकर अहंकारी रावण, कुंभकरण और मेघनाद के विशाल पुतलों का दहन किया।

अग्निबाण लगते ही रावण का पुतला धू-धू कर जल उठा, जिससे समूचा वातावरण जय श्री राम के उद्घोषों से गूंज उठा। दहन के बाद शानदार आतिशबाजी की गई, जिसका दर्शकों ने जमकर लुत्फ उठाया।

पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सख्त इंतजाम किए थे, जिसके चलते पूरा कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। इस अवसर पर मेला कमेटी के सदस्यों और शहर के नागरिकों सहित हजारों श्रद्धालु मौजूद थे।

# हिंगलाज मां की आराधना व गरबा महोत्सव के साथ नवरात्र कार्यक्रम संपन्न

**जैसलमेर**, (नि.सं.)। श्री ब्रह्मिक्षत्रय (खत्री) समाज की ओर से जीवणीयाई स्थित हिंगलाज मंदिर प्रांगण में आयोजित शारदीय नवरात्रि महोत्सव का समापन बुधवार को अत्यंत श्रद्धा, भक्ति और सांस्कृतिक उल्लास के साथ सम्पन्न हुआ।

इस बार नौ के स्थान पर दस दिवसीय इस आयोजन ने समाज को एकजुट करते हुए भक्ति और संस्कृति का अद्भुत संगम प्रस्तुत किया।

### नवरात्र की रातें बनी भक्ति व संस्कृति का उत्सव

खत्री समाज जैसलमेर के प्रवक्ता जितेन्द्र बिछड़ा ने बताया कि हर शाम मंदिर प्रांगण में दीपों की रौशनी, भक्ति संगीत और गरबा की थापों से वातावरण गूंज उठा। गरबा समिति जैसलमेर द्वारा प्रतिदिन सायंकालीन पूजा-अर्चना के बाद गरबा आयोजन किया गया, जिसमें समाज की महिलाओं, बालिकाओं, युवाओं और बच्चों ने पारंपरिक पोशाकों में सजकर उत्साहपूर्वक भाग लिया। मां हिंगलाज के चरणों में समर्पित यह आयोजन समाज की सांस्कृतिक चेतना और धार्मिक आस्था का प्रतीक बना।

सम्मान समारोह में अतिथियों का स्वागत

समापन अवसर पर गरबा समिति द्वारा समाज के प्रमुख पदाधिकारियों एवं विशिष्ट अतिथियों का पारंपरिक राजस्थानी अंदाज में साफा, शॉल और माल्यार्पण कर अभिनंदन किया गया। मुख्य अतिथि सत्यनारायण दड़ा (समाज अध्यक्ष), उषा अनिल भूत (महिला मंडल अध्यक्ष), समाजसेवी डॉ. दामोदर वारडे, पूर्व पार्षद देवीसिंह चौहान सहित अन्य अतिथियों का स्वागत हिंगलाज मंदिर के पुजारी आनंद महाराज द्वारा तिलक कर किया गया। मौक्षिका और पूर्वा द्वारा प्रस्तुत मंगल गीतों ने माहौल को भक्तिमय बना दिया।

### गरबा प्रतियोगिता में प्रतिभाओं को मिला मंच व सम्मान

समापन गरबा प्रतियोगिता में गरबा क्वीन ग्रुप को ट्रॉफी प्रदान की गई। महिलाओं, बालिकाओं और बच्चों ने गरबा की विभिन्न प्रस्तुतियों में भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वालों को विशिष्ट अतिथियों द्वारा उपहार भेंट किए गए।

भावना जितेंद्र उलोरा ने सभी छोटी बच्चियों को सांत्वना पुरस्कार देकर उनका उत्साहवर्धन किया, जिससे बच्चों में आत्मविश्वास और आनंद की भावना जागृत हुई।

### गरबा समिति व महिला मंडल का अभिनंदन

पूरे आयोजन को सफल बनाने में गरबा समिति और महिला मंडल की भूमिका सराहनीय रही। समिति अध्यक्ष नमिता जगदीश डलोरा, महिला मंडल अध्यक्ष उषा अनिल भूत को विशेष रूप से साड़ी और शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। साथ ही संरक्षक योगिता छुछा, कलायती डलोरा, उपाध्यक्ष भवानी डलोरा, कोषाध्यक्ष धनराज बिछड़ा, सचिव रोहित बिछड़ा, मीडिया प्रभारी शांति बिछड़ा, व्यवस्थापक प्रेमराज बिछड़ा, कंचन बिछड़ा सहित समस्त समिति सदस्यों को भी माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया।

### मातृशक्ति का प्रेरणादायक संदेश

महिला मंडल अध्यक्ष उषा अनिल भूत ने अपने उद्बोधन में कहा, ऐसे आयोजन हमारी सांस्कृतिक विरासत को जीवंत रखते है और समाज को एकजुट करते हैं। सभी वर्गों को इन आयोजनों में भाग लेना चाहिए ताकि परंपराएं अगली पीढ़ी तक पहुंच सकें।"

गरबा समिति अध्यक्ष नमिता जगदीश डलोरा ने आयोजन की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि भविष्य में इससे भी भव्य गरबा महोत्सव और सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने समिति की पूरी टीम और सहयोगकर्ताओं को धन्यवाद दिया।

इस आयोजन में महिला मंडल टीम, गरबा समिति, एकता मंडल टीम, मोहल्लेवासी, समाजबंधु, मातृशक्ति और युवा वर्ग की सक्रिय उपस्थिति रही। सभी ने मिलकर आयोजन को सफल और यादगार बनाया, जिससे समाज में एकता, सहयोग और सांस्कृतिक चेतना का संदेश प्रसारित हुआ।

# शस्त्र व कन्या पूजन किया

**पाली**, (नि.सं.)। पाण्डेश्वर वीर हनुमान मंदिर धाम के संस्थापक अध्यक्ष नरेश पाण्डे ने विजयदशमी पर शस्त्र पूजन एवं कन्या पूजन कार्यक्रम चाणक्य आश्रम के गादीपति महर्षि जगदीशानन्द महाराज के सानिध्य में किया। बालिकाओं को नवरात्रि के समापन पर कन्याओं के पैर धोकर कुमकुम लगाकर भोजन कराया।

नरेश पाण्डे ने मां दुर्गा के अखण्ड उपवास रखकर देश की खुशहाली की कामना की। साथ ही आयोजित शस्त्र पूजन कार्यक्रम में बच्चों को शस्त्रों का महत्व समझाया गया